Title: Need to provide halt of Vaishali or Gorakhpur Express at Jarwal railway station in Bahraich district, U.P.

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) : गोरखपुर 2255 अप और 2256 डाउन एक्सप्रेस गाड़ी हाल ही में गोरखपुर से दिल्ली के लिए चलाई गई है। यह गाड़ी बरास्ता बस्ती, गोंडा, लखनऊ उन्नाव व कानपुर होकर दिल्ली पहुंचती है। बहराइच जिले का प्रमुख स्टेशन जरवल रोड जो इस लाइन पर स्थित है, यह गाड़ी वहां नहीं रुकती है। जिसके परिणामस्वरूप यहां से दिल्ली की यात्रा करने वाले यात्रियों को इस गाड़ी को पकड़ने के लिए गौण्डा अथवा लखनऊ जाना पड़ता है, जिससे यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कोई भी एक्सप्रेस गाड़ी बहराइच और कैरगंज संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले स्टेशन जरवल पर नहीं रुकती।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि वैशाली एक्सप्रेस 2553 अप और 2554 डाउन अथवा गोरखपुर एक्सप्रेस में से कम से कम एक गाड़ी का 'हाल्ट' जरवल स्टेशन पर होना चाहिए ताकि यहां से चढ़ने वाले यात्रियों की कठिनाइयां दूर हो सकें।